# प्रेस नोट

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 24.06.2025 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-**

- थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अ0सं0-348/12 धारा 325/323/504 भादवि0 के वारन्टी अभियुक्त करन सिंह पुत्र कमल प्रसाद निवासी मऊखास थाना भोगनीपुर कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त अशोक पुत्र बिहारी निवासी ग्राम मुक्तापुर थाना गजनेर कानपुर देहात अभियुक्त अशोक द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ आये दिन छेडखानी करना व दुष्कर्म करने की कोशिश करना व विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0-177/2025 धारा 62/65(1)/74/351(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों व थाना रुरा पुलिस द्वारा 08 व्यक्तियों का 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।